# Chapter – 11

## टैली में सिनेरियो मैनेजमेंट का प्रयोग कैसे करे

*Scenario Management in Tally*

***(टैली में सिनेरियो मैनेजमेंट का प्रयोग कैसे करे)***

### *Scenario Management*

Scenario management एक मैनेजमेंट टूल है जो सोर्स डेटा को प्रभावित किए बिना कुछ प्रकार के वाउचर समेत चुनिंदा रूप से खातों और सूची से संबंधित जानकारी के विभिन्न प्रदर्शनों को सक्षम बनाता है। यह अस्थायी रिपोर्ट तैयार करने में उपयोगी है, जहां मुख्य पुस्तकों में एंट्री वास्तव में नहीं बनाई जाती हैं। यह एक उपयोगी प्रोविजनल रिपोर्ट बनाने का लिए उपकरण भी है अर्थात आप अस्थायी वाउचर का उपयोग करके खर्चों का अनुमान लगा सकते हैं और उन्हें अपनी रिपोर्ट में शामिल कर सकते हैं।

Scenario का उपयोग ऐसी एंट्री करने के लिए किया जाता है, जिससे इस एंट्री का असर बाकि की एंट्री पर न पड़े जैसे कि- electricity bill | scenario management के द्वारा टैली को इस्तेमाल करने वाला यूजर एक साथ मल्टीप्ल सिनेरियो क्रिएट करके प्रोवीजनल रिपोर्टो को देख सकता है। यह कार्य कुछ विशेष प्रकार के चुने हुए वॉउचरो के द्वारा सम्पन्न होता है और इनका प्रभाव रेगुलर बुक में नहीं पड़ता है। scenario management के तहत जिन वाउचरो का यूज़ किया जाता है वे निम्नलिखित है –


Scenario management में उपयोग किए जाने वाले वाउचर हैं-

- Optional Vouchers
- Memorandum Vouchers
- Reversing Journals

### *Activate to scenario*

टैली में एक ऑप्शन होता है जिसका उपयोग कंपनी की सारी जानकारी देखन के लिए किया जाता है। Scenario का प्रयोग करने के लिए सबसे पहले F11 फंक्शन-की को दबाकर टैली की company accounting feature window में स्थित ऑप्शन Use Reverse Journal vouchar and Optional Voucher में Yes type करके Activate करना होगा|

**Gateway of tally → F11 → Accounting Feature → Use Reversing journal voucher and Optional voucher**




जैसे ही आप इस ऑप्शन को Activate करते है, Scenario option आपको Gateway of tally के अंतर्गत Account Info में दिखने लगता है |

**Gateway of tally →Account info**

*Create scenario*

जैसे ही आप scenario option को एक्टिवेट करते है तो यह ऑप्शन account info के अंतर्गत डिस्प्ले होने लगता है scenario option को सेलेक्ट कर इंटर की प्रेस करते है | तब आपके सामने scenario creation window ओपन हो जाती है-

creation window में आपको कुछ ऑप्शन मिलते है-

- **Name :** यहाँ पर आप create किये जा रहे scenario का नाम टाइप करना होता है।
  Include actuals : यदि हम scenario में वास्तविक data का प्रयोग करना चाहते है ,तो यहाँ पर Yes का निर्धारण करते है और यदि वास्तविक देता का प्रयोग नहीं करना चाहते है तो No का निर्धारण करते है |
- **Exclude Forex Gain/Losses Calculations :** यदि हम scenario में Unadjusted forex Gain/Loss Element का प्रदर्शन नहीं चाहते है ,तो यहाँ पर Yes .का निर्धारण करते है और यदि प्रदर्शन चाहते है तो No का निर्धारण करते है |
- **Exclude inventory Tracking Calculation :** यदि हम Scenario में Sales and Purchase Bills के Pending Element का प्रदर्शन चाहते है तो Yes का निर्धारण करते है |
- **Include :** कर्सर के Include option पर आने पर इस विंडो में विभिन्न वाउचर प्रकारो की सूची का प्रदर्शन होता है। इस सूची में से हम उन वाउचर प्रकारो को चुन लेते है जो की create किये जा रहे scenario को प्रभावित करेंगे |
- **Exclude :** इस सूची में से हम उन वाउचर प्रकारो को चुनते है ,जो की क्रिएट किये जा रहे scenario को प्रभावित नहीं करेंगे |
  वाउचर प्रकारो को चुनने के बाद End of list ऑप्शन पर enter key को दबाने पर इस विंडो में Accept box का प्रदर्शन होता है | अब एंटर के को दबाकर इस स्क्रीन को Accept कर लेते है।

*Display scenario*

**Gateway of Tally →Account Info → Scenario →Display**

Scenario के effect को आप निम्न प्रकार से देख सकते है-

1. सबसे पहले आप Journal में एक entry करेंगे |
2. दूसरी entry memo voucher में करेंगे |
3. इन दोनों entry का effect हमे profit and loss account में दिखाई देगा | इस effect को देखने के लिए Gateway of tally के अंतर्गत profit and loss account को एंटर करेंगे |

*Alter a scenario*

इस ऑप्शन का प्रयोग किसी भी scenario को परिवर्तित करने के लिए किया जाता है। जब हम scenario option को डिस्प्ले करते है तो Alter option भी show होता है इस ऑप्शन को सेलेक्ट करके एंटर की प्रेस करने पर list of scenario display कर होगी। इस लिस्ट में से हम जिस scenario को modify करना चाहते है उसे सेलेक्ट कर enter key press करेंगे। तथा आवशयकतानुसार इस scenario में चेंज कर सकते है। Alter option के लिए Shortcut Key A होती हैं।

किसी सिनेरियो को परिवर्तित करने हेतु निम्न प्रोसेस को फ़ॉलो करे –

**Gateway of Tally →Account Info → Scenario →Alter**